Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to review NCERT history text books- laid

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति, संस्कृत भाषा और प्राचीन भारतीय दर्शन से संबन्धित ज्ञान इंडोलोजी, फ़ोनोलोजी इत्यादि ज्ञान की विधाओं के विशेष क्षेत्र हैं और इन विषयों पर अनुसंधान और विश्लेषण होते रहते हैं । परंतु इन विधाओं के माध्यम से उपलब्ध ज्ञान की प्रामाणिकता संदिग्ध हैं । इन विधाओं में प्राचीन भारत के संबंध में उपनिवेश काल से ही पूर्वाग्रह, अतार्किक दृष्टिकोण और विशेष धर्म की मान्यताओं के अनुरूप ही विश्लेषण किया जाता रहा है जिससे भारतीय संस्कृति की प्राचीनता एंव उसका सही चित्रण उद्‌घाटित नहीं हो पा रहा है । इसके साथ NCERT की इतिहास की विभिन्न कक्षाओं की पुस्तकों में उल्लिखित पाठ्य सामग्रियों में और वेदों में वर्णित जानकरियों में विरोधाभास है । इन विसंगतियों को दूर करने के लिए जांच कमिटी बनाया जाना बहुत जरूरी है ।